an>

Title: Need to check the menace of 'Neel Gai' in Dhourhara area of Sitapur Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्रीमती रेखा वर्मा (धौरहरा) : अध्यक्ष महोदया, मैं धौरहरा क्षेत्र, उत्तर प्रदेश से सांसद हूँ, मेरे क्षेत्र के किसानों ने दलहन, तिलहन, गेहूं, चावल आदि की पैदावार करना बंद कर दिया है। किसान केवल मजबूरी में गन्ने की पैदावार कर रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण नीलगाय है। इस जानवर ने फसलों को इतना नुकसान पहुंचाया है कि वहां का किसान नीलगाय के भय से खेती ही नहीं करता है। यह जानवर गन्ने की भी फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। रात भर किसान खेत में झोंपड़ी डाल कर नीलगाय से अपनी फसल की रक्षा करने का प्रयत्न करते हैं, परंतु विफल रहते हैं। इस जानवर से बचने का ही रास्ता है कि इन्हें पकड़ कर बड़े जंगलों में पुनर्वास कर दिया जाए। अतः आपके माध्यम से मेरा मंत्री जी अनुरोध है कि इन जानवरों को पकड़ कर पुनर्वास कराने का कष्ट करें।